

# खेल और पढ़ाई में निरंतर अभ्यास अत्यंत आवश्यक है : प्रतिमा बागरी

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबॉल, रस्साकशी खेल गतिविधियों का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अगस्त.** मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। **नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को जवाहरनगर स्थित दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन का शुभारंभ किया।**



आयोजन के प्रथम दिन 29 अगस्त को फुटबाल तथा रस्साकशी जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन स्टेडियम में किया गया। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि पढाई और खेल में सफलता पाने के लिए निरंतर अभ्यास आवश्यक है। निरंतर अभ्यास ही हमें अनुशासन, आत्मविश्वास और सफलता की राह दिखाती है। उन्होंने कहा कि खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। इसके साथ ही ध्यान भी आवश्यक है। ध्यान करने से मन और शरीर में एकाग्रता आती है। राज्यमंत्री ने कहा कि हॉकी के जादूगर के रूप में जाने व पहचाने जाने वाले मेजर ध्यानचंद हम सबके प्रेरणा स्त्रोत है।

महापौर योगेश ताम्रकार ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आप पढाई और खेल दोनों को केन्द्रित करके आगे बढेंगे तो जीवन में कभी भी पीछे मुडकर देखना नहीं पडेगा।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी द्वारा उपस्थित जनों तथा प्रतिभागी खिलाडियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीएसपी देवेन्द्र सिंह, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, डॉ. धनंजय सिंह, सुनीता सिंह, खेल अधिकारी एसपी तिवारी, मीना त्रिपाठी, धीरेन्द्र सिंह सहित प्रतिभागी खिलाड़ी तथा खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अतिथियों ने खेलों में आजमाए हाथ

हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम सतना में आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय खेल दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों ने भी विभिन्न खेलों में हाथ आजमाकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी और महापौर योगेश ताम्रकार ने बैडमिंटन कोर्ट में जाकर बैडमिंटन खेला। वही कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने टेबल टेनिस कोर्ट में बल्ले के जौहर दिखाए।

# सड़क दुर्घटना में आशा कार्यकर्त्ता की मौत

## बैठक में शामिल होने जा रही थी मझगवां

**नवभारत न्यूज**

**सतना 29 अगस्त. जिले के मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए सड़क हादसे में एक आशा कार्यकर्त्ता की मौत हो गई. आशा कार्यकर्त्ता मझगवां में होने वाली बैठक में हिस्सा लेने जा रही थी. बाइक फिसलने से नीचे गिरकर गंभीर तौर पर चोटिल हो जाने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार आशा कार्यकर्त्ता राजकुमारी मवासी अपने पति सियाराम मवासी के साथ बाइक पर सवार होकर घर से निकली थीं. मझगवां में विभागीय बैठक होने के कारण वे उसमें सम्मिलित होने के लिए जा रही थीं. बताया गया कि शाम के लगभग 4 बजे जैसे ही उनकी बाइक पटनी के निकट पहुंची वैसे ही सामने से एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक सामने आ गया. जिससे बचने के लिए सियाराम द्वारा अपनी बाइक को किनारे करने का प्रयास किया गया. लेकिन सड़क से उतरते ही उनकी बाइक बुरी तरह फिसल गई. जिसके चलते राजकुमारी छिटक कर नीचे गिर गईं. सिर पर गंभीर चोट आ जाने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं बाइक से गिरने की वजह से पति सियाराम भी घायल हो गए. घटना होती देख आस पास के लोग भाग कर मौके पर पहुंचे. आनन-फानन में राजकुमारी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर जांच करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. यह जानकारी सामने आते ही पति सियाराम पर बिलख बिलख कर रोने लगे. वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों के बीच कोहराम मच गया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.

# जबलपुर एयरपोर्ट पर मिली सतना से लापता युवती

## हवाई जहाज से दिल्ली ले जा रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अगस्त. सतना से लापता युवती जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर युवक शाहनवाज कुरैशी के साथ मिली। दोनों दिल्ली जाने की तैयारी में थे। इस बीच युवती की गुमशुदगी दर्ज होने पर पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस की और एयरपोर्ट पर दोनों को रोक लिया। शुक्रवार सुबह सतना पुलिस जबलपुर पहुंची और युवक-युवती को हिरासत में ले लिया।**



पुलिस जांच में पता चला कि शाहनवाज कुरैशी सतना के जवान सिंह कॉलोनी का रहने वाला है और दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है। कुछ साल पहले उसकी युवती से जान-पहचान हुई थी, जो धीरे-धीरे दोस्ती और मुलाकातों तक पहुंच गई। गुरुवार को वह युवती को कार से लेकर जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचा, जहां से दोनों दिल्ली जाने वाले थे। सिटी कोतवाली पुलिस ने युवती की मोबाइल लोकेशन ट्रैक की, तो पता चला कि वह जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर है। तुरंत खमरिया थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती और शाहनवाज से आधार कार्ड चेक कर पूछताछ की। इस दौरान युवती ने बताया कि शाहनवाज उसे दिल्ली घुमाने ले जाने की बात कह रहा था।

### जबरन ले जाने का आरोप

युवती के परिजनों ने आरोप लगाया कि शाहनवाज ने उसे जबरन दिल्ली ले जाने की कोशिश की। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सतना पुलिस को सूचना दी गई और दोनों को उनके सुपुर्द कर दिया गया। वहीं सतना कोतवाली पुलिस ने शाहनवाज कुरैशी के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3 और 5 के तहत केस दर्ज किया है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि युवती को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# किसानों से अभद्रता पर पुलिसकर्मी लाइन अटैच

## खाद वितरण केंद्र के वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर एसपी ने की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अगस्त. खाद के लिए लाइन में लगे किसानों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले पुलिस कर्मी को लाइन अटैच कर दिया गया। पुलिसकर्मी संदीप पाण्डेय के सोशल मीडिया में वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा यह कार्रवाई की गई।**



सेवा सहकारी समिति मर्यादित नागौद के खाद वितरण केंद्र पर एक पुलिस आरक्षक ने किसानों से दुर्व्यवहार किया। गुरुवार को खाद वितरण केंद्र पर लाइन में खड़े किसानों से आरक्षक संदीप पांडेय ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। घटना का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में नागौद थाने में पदस्थ आरक्षक संदीप पांडेय कतार व्यवस्थित कराने के दौरान किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करते दिख रहे हैं। मामले का संज्ञान लेते हुए एसपी आशुतोष गुप्ता ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने आरक्षक संदीप पांडेय को पुलिस लाइन अटैच कर दिया। गौरतलब है कि गुरुवार को हुई घटना से संबंधित वीडियो वायरल होने पर कई संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिसकर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की जाने लगी थी। वहीं एसपी श्री गुप्ता द्वारा इस मामले की जान है एसडीओपी नागौद रघु केसरी से कराई गई। मामले की पुष्टि होने पर पुलिसकर्मी को लाइन अटैच करने की कार्रवाई की गई।

# आक्रोशित परिजनों ने 2 एंबुलेंस के शीशे तोड़े

▸ रेफर मरीज को रीवा ले जाने को लेकर हुआ था विवाद

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अगस्त. सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय परिसर में गुरुवार बुधवार की दरमियानी रात हंगामा देखने को मिला। मरीज को रेफर किए जाने के बाद रीवा ले जाने के मामले में आनाकानी से गुस्साए परिजनों ने वहां खड़ी दो एंबुलेंस वाहनों के शीशे फोड़ दिए।**



पीड़ित चालकों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना गुरुवार-शुक्रवार की देर रात 2 बजे की बताई गई। मारुति नगर की रहने वाली अर्चना नामदेव को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने जांच के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें रीवा रेफर कर दिया। बताया गया कि अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को 108 एंबुलेंस कॉल करके बुलाने को कहा, लेकिन वे अपनी मनमर्जी करने लगे। परिजनों ने अस्पताल की एंबुलेंस को अपने हिसाब से ले जाने की जिद पकड़ ली। एंबुलेंस चालक राजेश वर्मा और दीपक सूर्यवंशी ने बताया कि परिजन जबरन उनकी गाड़ी ले जाने का दबाव बना रहे थे। नियम के मुताबिक, 108 एंबुलेंस से ही मरीज को रेफर किया जाता है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्साए परिजनों ने खड़ी एंबुलेंस (एमपी 19 जेडए 4590 और एमपी 19 एचएफ 1269) पर हमला कर दिया। उन्होंने पत्थर और लाठी से एंबुलेंस के शीशे तोड़ दिए और कई हिस्सों को नुकसान पहुंचाया।

### कार्रवाई की मांग

एंबुलेंस चालकों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से न सिर्फ संपत्ति का नुकसान होता है, बल्कि इमरजेंसी सेवाओं में भी बाधा आती है। इससे किसी भी मरीज की जान को खतरा हो सकता है। इसके साथ ही इस घटना के कारण एंबुलेंस चालकों के बीच भय व्याप्त हो गया है। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# मैहर में पुलिस विभाग में हुई बड़ी सर्जरी

▸ 16 रिक्त पदों पर नई तैनाती के साथ ही बदले गए प्रभार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अगस्त. मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बड़ी सर्जरी करते हुए प्रशासनिक आवश्यकताओं के मद्देनजर कई थानों और चौकियों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए स्थानांतरण आदेश जारी कर दिए।**

जारी आदेश के अनुसार उपनिरीक्षक कुलदीप को रक्षित केंद्र मैहर से थाना कोतवाली में तैनात किया गया है। उपनिरीक्षक ईश्वर प्रताप को रक्षित केंद्र मैहर में नियुक्त किया गया है। प्रधान आरक्षक रमेश श्रीवास्तव को रक्षित केंद्र मैहर से देवीजी चौकी में भेजा गया है। यातायात विभाग में प्रधान आरक्षक नरसिंह शर्मा की नियुक्ति की गई है। थाना बदेरा में प्रधान आरक्षक धर्मराज सिंह को तैनात किया गया है। आरक्षक दिलीप ओझा को थाना बदेरा से थाना अमदरा में स्थानांतरित किया गया है। थाना अमदरा में आरक्षक अनिल यादव और सुरेश कोल को नई जिम्मेदारी दी गई है। कोतवाली में आरक्षक रोहित तिवारी और देवीजी चौकी में आरक्षक रश्मि त्रिपाठी को तैनात किया गया है। देवीजी चौकी में आरक्षक संजूल तिवारी को भी नई तैनाती मिली है। थाना अमरपाटन में आरक्षक शिवेंद्र द्विवेदी और पुष्पराज मिश्र को नियुक्त किया गया है। थाना ताला में आरक्षक राहुल दुबे और रजनीश पांडेय को तैनात किया गया है। सीएसपी कार्यालय में आरक्षक अजय पांडेय को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# लिटिल सीईओ ऑफ सतना को राज्य मंत्री एवं महापौर ने किया पुरस्कृत

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अगस्त. कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं ईडी सतना स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीणा के मार्गदर्शन में स्मार्ट सिटी इंक्यूबेशन सेंटर द्वारा लिटिल सीईओ ऑफ सतना 2.0 का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें रचनात्मक विचार प्रस्तुत करने वाले विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया।**




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा बागरी (राज्यमंत्री, नगरीय विकास एवं आवास, मप्र. शासन), महापौर सतना योगेश कुमार ताम्रकार एवं डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव (प्रो-वाईस चांसलर, ए के एस यूनिवर्सिटी ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया। इस दौरान सतना स्मार्ट सिटी से मैनेजर ई गवर्नेंस दीपेंद्र सिंह राजपूत, इंजीनियर प्रवीण जायसवाल, प्रोग्रामर निखिल श्रीवास्तव एवं इंक्यूबेशन सेंटर की ओर से उपस्थित टीम में शांतनु सिंह, संजना सिंह, विष्णुकांत चौरसिया और अन्य सदस्य शामिल रहे।

सतना स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर की यह अनोखी पहल जो बच्चों को उद्यमशीलता और नेतृत्व की दिशा में प्रेरित करने के लिए की गई। फिनाले से पहले सतना स्मार्ट सिटी इंक्यूबेशन सेंटर ने शहर की 15 से अधिक प्रमुख स्कूलों में बूटकैम्प आयोजित किए, जिनमें छात्रों को नवाचार, समस्या-समाधान और आइडिया जेनरेशन की तकनीक सिखाई गई।

### ज्यूरी ने किया मूल्यांकन

जूरी द्वारा मूल्यांकन के बाद शीर्ष 3 विजेताओं का चयन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान आदर्श सिंह चौहान आइडिया जेनशिफ्ट, द्वितीय स्थान इशिका टंडन आइडिया इशिकास किचेन और तृतीय स्थान श्रेया सिंह आइडिया डाउट बस्टर ने प्राप्त किया। इसी कड़ी में विशेष श्रेणियों में सोशल मीडिया बज़ अवार्ड आकांक्षा कुशवाहा, अपकमिंग वीमेन आंत्रप्रेन्योर अवार्ड सुहाना जैन आइडिया ल्यूमेविया को पुरस्कृत किया गया।

# निरीक्षण में खामी मिलने पर कलेक्टर ने दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अगस्त. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने एक बार फिर कर्मचारियों की लापरवाही पर ऑन स्पॉट एक्शन लिया है.**

शुक्रवार को औचक निरीक्षण पर स्वास्थ्य विभाग पहुंचे कलेक्टर ने मौके से नदारद रहीं मेडिकल ऑफिसर को बर्खास्त करने का प्रस्ताव कमिश्नर को भेजने के निर्देश दिए. इसके अलावा विभाग के प्राचार्य और बीआरसी सहित आधा दर्जन कर्मचारियों की एक वेतन वृद्धि रोकने का आदेश भी जारी कर दिया. कलेक्टर द्वारा शुक्रवार को सोहावल और नागौद विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया. उनके साथ सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एस डी एम नागौद जीतेन्द्र वर्मा, सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, डीसीएम डॉ. ज्ञानेश मिश्रा, जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहुंचे कलेक्टर ने नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) मरीजों की पहचान और उपचार के लिए नियमित कैम्प लगाने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने कम हीमोग्लोबिन वाले बच्चों की सूची पर जानकारी अधूरी मिलने पर सीएचओ को पोर्टल के साथ-साथ मैन्युअल रजिस्टर में भी रिकॉर्ड रखने को कहा. इसी कड़ी में सोहावल और नागौद विकासखंड के औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एक महिला द्वारा चश्मा न मिलने की शिकायत पर सीएमएचओ को निर्देशित किया कि अंधत्व निवारण कार्यक्रम के डीपीएम और एपीएम को शोकॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाए.

# इस्कॉन मंदिर में कल मनाया जाएगा राधा अष्टमी महोत्सव

**सतना 29 अगस्त** । अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावना अमृत संघ (इस्कॉन)सतना के तत्वावधान में श्री राधाष्टमी महोत्सव 31 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा । इस्कॉन प्रचारक मनोज दुबे ने बताया कि इस बार राधाष्टमी कार्यक्रम बड़ी भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है । राधाष्टमी के दिन सुबह से भक्तों के दर्शनार्थ भगवान श्री श्री राधा माधव इस्कॉन मंदिर के पट खुले रहेंगे ।



# एकेएस विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में दीक्षारंभ संस्कार का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अगस्त। एकेएस विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में दीक्षारंभ संस्कार का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री से सम्मानित डॉ.बी.के. जैन,निर्देशक सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.बी.ए.चोपड़े, डायरेक्टर डॉ. जीसी मिश्रा,प्रो. हर्षवर्धन, डॉ.आर. एस.त्रिपाठी,सूर्यनाथ सिंह गहरवार, विधि विभाग ,डीन फैकल्टी ऑफ़ लॉ डॉ.सुधीर जैन ,डा.आर.एल. एस.सिकरवार तथा डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी डीएसडब्ल्यू उपस्थित रहे। प्रतिकुलपति डॉ. आर.एस. त्रिपाठी ने बीएड एवं डीएलएड के छात्र अध्यापकों को अज्ञानता से दूर करने का मंत्र बताते हुए सारे जीवन एक विद्यार्थी की तरह अध्यनरत रहने की बात पर जोर दिया ।प्रो.आर. एस. निगम,अधिष्ठाता शिक्षा विभाग ने एक अच्छे शिक्षक बनने के लिए विद्यार्थी को निरंतर प्रयत्नसील रहना चाहिए ।प्रो. हर्षवर्धन ने आत्मनिर्भरता की ओर संकेत करते हुए गुरुकुल का जिक्र किया और उसी तरह नियमित अनुशासित रहकर अपने गुरुओं को सम्मान देते हुए शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया। माननीय कुलगुरु प्रो.बी.ए. चोपड़े ने शिक्षक को राष्ट्र निर्माता बताते हुए राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका की प्रशंसा की और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का जिक्र करते हुए आईटीईपी के 4 वर्ष के प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी संदर्भ के रूप में प्रयोग किया. और सीखने सिखाने में क्रिटिकल थिंकिंग मे,साथ ही रिसर्च एवं इनोवेशन पर जोर दिया। सूर्यनाथ सिंह गहरवार ने शिक्षकों को देश का कर्ण धार बताया और विद्या के समान कोई दूसरा यज्ञ नहीं इस कहावत को सिद्ध किया। शिक्षक अपनी क्षमता के अनुसार समाज को देता है और वह एक अच्छा मानव बनता है इसीलिए शिक्षक पूजनीय है।

# केजेएस के विक्रेता सम्मेलन में लक्ष्य पूर्ण करने वाले हुए सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अगस्त. केजेएस सीमेन्ट (आई) लिमिटेड के विपणन विभाग ने अभी हाल रीवा एवं सतना में विक्रेता एवं सहविक्रेता सम्मेलनों का आयोजन किया, जिसमें दोनों जगह लगभग सौ-सौ विक्रेता बंधु उपस्थित हुए इनमें से विपणन लक्ष्य पूर्ण करने वाले चुनिंदा विक्रेताओं को विभिन्न उपहार प्रदान किए गए।**




इन सम्मेलनों में केजेएस सीमेंट के सीएमओ जुगल दुबे, वरिष्ठ महाप्रबंधक विपणन बीके त्रिपाठी एवं मध्यप्रदेश प्रभारी गौरव शुक्ला व उनकी क्षेत्रीय विपणन टीम उपस्थित रही। सतना, मैहर व पन्ना के क्षेत्रीय वितरक आनंद चतुर्वेदी एवं रीवा व मऊगंज के क्षेत्रीय वितरक दीपक पुरी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे ।सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएमओ जुगल दुबे ने कंपनी के आगामी विपणन लक्ष्य व रिटेलर स्कीम के बारे में बताया और पिछले वित्त वर्ष में टारगेट पूरा करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया । श्री दुबे ने कहा कि आप सभी के सहयोग से कंपनी वर्तमान वित्त वर्ष में भी अपने लक्ष्य को हासिल करेगी।

विपणन विभाग के वरिष्ठ महाप्रबंधक बीके त्रिपाठी ने कंपनी के विस्तार के बारे में बताया और कहा कि अगले तीन वर्षों के अंदर कंपनी की उत्पादन क्षमता 7 मिलियन टन हो जाएगी। कंपनी की उत्पादन गुणवत्ता के बारे में बताते हुए श्री त्रिपाठी ने गर्व से कहा कि हमारे उत्पादन में गुणवत्ता संबंधी कोई शिकायत आज तक नहीं आई है। उन्होंने इस उच्च गुणवत्ता को लगातार बरकरार रखने का संकल्प दोहराया ।


## एक नजर में



### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सतना,** विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा ने दर्जन भर से अधिक कांग्रेसजनों के साथ जिला कलेक्टर डॉ सतीश कुमार यस से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विधायक ने कहा कि किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है जिससे किसान अपनी खेती-किसानी छोड़ कर दिन- दिन भर खाद के लिया लाइन में लगने के लिए मजबूर है।उसके बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है।नागौद मे किसान खाद लेने गए हुए थे पर उनकों खाद उपलब्ध नहीं कराई गई उल्टा 150 अज्ञात किसानों पर अपराध दर्ज कर दिया है।इसी कड़ी में विधायक ने अनुरोध किया कि नागौद थाना में अज्ञात 150 किसानों पर दर्ज अपराध मे खात्मा लगाने एवं किसानों को शीघ्र खाद उपलध कराये जाने की व्यवस्था की जाए।

### मध्य प्रदेश कांग्रेस ने मनाया खेल दिवस



**सतना.** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवम एवम खेल खिलाड़ी खेल खिलाड़ी कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मतीन खान के मार्गदर्शन में मेजर ध्यानचंद जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर राजीव सिंह यूथ क्लब प्रदेश अध्यक्ष बंटी वसानी सज्जाक खान अभिलेस चौधरी प्रतीक अग्रवाल विजय शुक्ला जय कुमार शर्मा जीतेन्द्र आवातवानी जितेंद्र जीवनी रहे वक्ताओं ने कहा कि मानव जीवन भी एक खेल की तरह ही है ।इस मौके परं आर बी सिंह मुख्तयार अहमद सिद्दीकी कुंवर सिंह देशराज सिंह पटेल पप्पू छतानी जय कुमार शर्मा असलम खान राजा शुक्ला राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल संतोष गेलानी जीतेन्द्र जीवनी जीतू वसानी हुजैफा सौदागर उपस्थित रहे.

### सुष्मित बने सीए



**सतना,** जिले के सम्मानित शिक्षाविद,पूर्व डाइट प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी रह चुके स्व. बसन्त लाल पाण्डेय के प्रपौत्र एवं पंचायत समन्वयक अधिकारी रजनीश पाण्डेय के होनहार पुत्र सुष्मित शिवाशीष पाण्डेय को विगत दिनों भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेंट संस्थान दिल्ली द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह कॉन्वोकेशन में सीए की उपाधि से सम्मानित किया गया। आईएससी बोर्ड क्रिस्तुकुला स्कूल के टॉपर मेधावी छात्र सुस्मित ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम.(ऑनर्स) के साथ एक ही अटेम्प्ट में सीए फाइनल परीक्षा विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण करने के बाद वर्ल्ड बिग-4 कम्पनी डेलॉयट में अस्सिटेंट मैनेजर के पद का दायित्व निभा रहे हैं। देवराजनगर ग्राम परिवारजन, मित्रगण, क्रिस्तुकुला स्कूल परिवार, नीरज सिंह, राजेश त्रिपाठी एवं शुभचिंतकगणों ने सुष्मित की इस सफलता पर बधाई दी है।